# वीयू – नव नियुक्त कुलसचिव का स्वागत



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के नव नियुक्त कुलसचिव डॉ राखी वैश्य का विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण करने उपरांत आज विश्वविद्यालय मे माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी द्वारा स्वागत किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम में वित्त नियंत्रक श्री तिर्की, निदेशक अनुसंधान डॉ. आर.के. शर्मा, निदेशक शिक्षण डॉ. मधु स्वामी, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. महाजन, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. जी. दास, डॉ. एस. घोष, डॉ. बी. रॉय, डॉ. पूनम शाक्य, डॉ. गर्ग, डॉ. सोना दुबे, निधि भलावी, डॉ. रामकिंकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे। सभी ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



नव नियुक्त कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सभी के सहयोग से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति एवं विद्यार्थियों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर